दिनांक-13.12.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

टैंकर मुक्त शहर बनाने के लिए आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली समीक्षा बैठक

भिलाईनगर/अमृत मिशन योजना के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा आज आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली जिसमें जल कार्य के अधिकारी/कर्मचारी , जोन के जोन आयुक्त एवं स्पैरो के कर्मचारी सम्मिलित हुए। आज के समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य टैंकर मुक्त शहर एवं जलकर वसूली रहा! श्री रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्तों से बारी-बारी से उनके जोन क्षेत्र में संचालित होने वाले पानी टैंकरों की जानकारी प्राप्त की एवं जिन क्षेत्रों में वर्तमान एवं ग्रीष्म ऋतु में पानी टैंकरों की जरूरत है उन क्षेत्रों मे नल कनेक्शन विस्तार करने को लेकर चर्चा की गई! उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर टोटिया नहीं लगी है व अव्यवस्थित है, जहां पर पानी लीकेज की समस्या है , ऐसे जगहों से पानी की बर्बादी रोकना आवश्यक है जिसके लिए उन्होंने जलकार्य के अधिकारियों एवं जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं! अमृत मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए आयुक्त महोदय ने अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि पानी टैंकरों का उपयोग नहीं होना चाहिए इस दिशा में कार्य करें। अवैध नल कनेक्शन को अमृत मिशन के अंतर्गत वैध कनेक्शन में परिवर्तित कर नियमितीकरण करने की प्रक्रिया समस्त जोन क्षेत्र में जारी है ऐसे व्यक्ति जो अभी तक अवैध नल कनेक्शन को वैध कनेक्शन में परिवर्तित कर नियमितीकरण की कार्यवाही नहीं करा पाये हैं वे जोन कार्यालय में संपर्क कर करा सकते हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी